हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 18 नवंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12. 0 डिग्री

जरुरतमंदों को नया जीवन देने 51 यूनिट किया रक्तदान

2




## खबर संक्षेप

### राछाभांठा से बरबसपुर तक भारी मालयान वाहन पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़क राछाभांठा से बरबसपुर विकासखण्ड नवागढ़ में भारी वाहनों के आवागमन होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रहा है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जन्मेजय महोबे ने जनसुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टिकोण से केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं सहपठित छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 के प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम राछाभांठा से बरबसपुर विकासखण्ड नवागढ़ में भारी मालयान वाहनों के आवागमन को 15 नवम्बर से 25 नवम्बर तक प्रतिबंधित किया है।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 दिसंबर तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक व बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार हेतु 2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित है। ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना 1 जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 के मध्य अद्भुत वीरता का कार्य किया हो, किसी दूसरे की जान बचाने का पराक्रम किया हो, को सम्मानित किया जाता है। निर्धारित प्रारूप में प्रपत्र समस्त विवरण एवं प्रमाण के साथ आवेदन पत्र दो प्रतियों में सहाम प्राधिकारी से सत्यापित कराकर आवेदन प्रेषित कर सकते है। अपूर्ण अथवा ऐसे आवेदन पत्र जो सक्षम प्राधिकरण एवं जिला कलेक्टर द्वारा प्रमाणित सत्यापित न हो अथवा जिसके साथ आवश्यक सहायक अभिलेख ना हो विचारणीय नहीं होगे।

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा : प्रशिक्षक चयन के लिए आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा वर्ष 2025-26 में जांजगीर-चांपा जिले के 162 शासकीय हाई, हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जुडो, कराटे, ताईक्वांडो, किंक बाक्सिंग, मार्शल आर्ट विद्याओं में दक्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षणों से 24 नवम्बर सायं 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण की अवधि 30 दिवस निर्धारित है, जिसमें प्रतिदिन 30 मिनट प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण के लिए प्रति विद्यालय राशि 5 हजार रूपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक एवं पात्र प्रशिक्षक, खिलाडी मान्यता प्राप्त संस्था का प्रमाण पत्र सहित निर्धारित प्रपत्र में संपूर्ण जानकारी सहित स्वयं अथवा उचित माध्यम से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा माध्यमिक जिला में आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय अवधि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

### आकस्मिक मृत्यु : 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत ग्राम सकरेली (बा.) निवासी मृतक स्व. श्रीमती भोगमति लहरे को तालाब के पानी में डूबने कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के पुत्र कौशल प्रसाद लहरे, पिता स्व. रमेश लाल लहरे को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

## जाटा में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई

# 60 एकड़ सरकारी जमीन पर लगी फसल को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

सारागांव तहसील अंतर्गत जाटा गांव में बेजाकब्जाधारियों के खिलाफ एक बार फिर से कड़ी कार्रवाई की गई है। यहां लाल झंडा लगाकर चिन्हांकित की गई सरकारी जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा लगाई गई धान की खड़ी फसल को प्रशासनिक अमले ने जब्त कर लिया है। जब्ती के बाद उसे सरपंच और कोटवार की सुपुर्दगी में दी गई है।

गौरतलब है कि जिले के बलौदा ब्लाक अंतर्गत जाटा गांव में प्रशासन और अतिक्रमणकारियों के बीच बीते कुछ सालों से सांप छछूंदर का खेल चल रहा है। यहां प्रशासन द्वारा सरकारी जमीन पर लाल झंडा लगाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। बावजूद इसके बेजाकब्जाधारी अपनी आदत से बाज नहीं आते। इस बार भी तकरीबन 60 एकड़ शासकीय जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके अतिक्रमणकारियों ने धान की खेती की थी। जिस पर पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में राजस्व अमले ने पुलिस बल के साथ मिलकर फसल जब्ती की कार्रवाई की है। यहां 39 किसानों के द्वारा 60 एकड़ शासकीय भूमि पर फिर से धान की फसल लगाई गई थी। जिस पर तहसीलदार के साथ उनकी टीम कार्रवाई करने पहुंची। यहां पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रशासनिक अमले ने फसल जब्ती की कार्रवाई की। जब्त फसल को सरपंच एवं ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में दी गई है।



फसल जब्ती करने पहुंचे तहसीलदार एवं उनकी टीम।

**जब्त की गई फसल**

ग्राम जाटा में शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करके धान की फसल लगाई गई थी सूचना मिलने पर फसल जब्ती की कार्यवाही की गई है। आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

-केके जायसवाल, तहसीलदार, सारागांव

## हसौद में अवैध भंडारण पर कार्रवाई, तहसीलदार ने 42 कट्टा धान किया जब्त



**हसौद।** अवैध रूप से धान के भंडारण पर कार्रवाई करते हुए तहसीलदार ने 42 कट्टा धान की जब्ती बनाई है। साथ ही साथ खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए प्रभारियों को कार्य में लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। हसौद तहसीलदार रविशंकर राठौर ने घिवरा गांव स्थित शिव किराना स्टोर में छापेमारी कर अवैध रूप से भंडारण कर रखे गए 42 कट्टा 16.80 क्विंटल धान को जप्त किया। जप्त धान को पंचनामे के बाद गांव के कृष्णा कश्यप के सुपुर्द किया गया है। उल्लेखनीय है कि सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनों के निर्देशन पर हसौद तहसीलदार ने धान के अवैध परिवहन भंडारण पर बड़ी कार्रवाई की तहसीलदार ने 17 नवंबर सोमवार को हसौद तहसील क्षेत्र के घिवरा गांव के शिव किराना स्टोर में छापेमारी कर अवैध रूप से भंडारण कर रखे 42 कट्टा 16.80 क्विंटल धान को जप्त किया है। छापेमारी के बाद तहसीलदार राठौर ने सेंन्दरी, घिवरा, मल्दा और कैथा धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत सचिवों खरीदी केंद्र प्रभारी को खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होने देने के निर्देश दिए।.तहसीलदार ने खरीदी केंद्रों में साफ-सफाई बनाए रखने, खरीदी स्थल पर आने वाले किसानों को पेयजल, छाया और अन्य मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

# जमीन और शेयर मार्केट में दोगुना मुनाफा दिलाने के नाम पर पौने दो करोड़ की ठगी

## आरोपी पिता-पुत्र को शिवरीनारायण पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जमीन और शेयर मार्केट में दोगुना मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 1 करोड 88 लाख रुपये की ठगी के मामले में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम बिलारी का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 14 नवंबर को शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम बिलारी निवासी राजेश कुमार साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि करीब ढाई साल पहले उनकी पहचान भूपेंद्र साहू से हुई थी। भूपेंद्र ने उन्हें बताया कि वह जमीन की खरीद-बिक्री का काम करता है और उसका बेटा हिरेंद्र शेयर मार्केट में निवेश करता है, जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा हो रहा है। बार-बार जिद करने पर प्रार्थी द्वारा 30 नवंबर 2023 से 25 अगस्त 2024 तक कुल 1 करोड, 88 लाख रूपये जमा किया है। निर्धारित अवधि में दिया गया रकम जब दोगुना नहीं हुआ तो प्रार्थी ने इस बारे में भूपेन्द्र साहू से जानकारी मांगी, लेकिन रकम दोगुना को लेकर उनके द्वारा किसी तरह का जवाब नहीं दिया गया। आरोपियों के द्वारा यह भी बताया गया कि शेयर मार्केट एवं जमीन खरीदी बिक्री में रकम लगाने पर 25 महीने में ढाई गुना रकम ब्याज सहित वापस करने का झांसा दिया। इसके बाद बिलारी के ही रहने वाले राजेश साहू उनके झांसे में आ गए और 1 करोड़ 88 लाख रुपए की राशि जमीन खरीदी बिक्री एवं शेयर मार्केट में डबल करने के नाम पर उन्हें दे दिया गया। निर्धारित अवधि के बाद जब राशि दोगुना नहीं हुआ तो उन्होंने पहले तो आरोपियों से जानकारी ली फिर मामले की शिकायत शिवरीनारायण पुलिस को दी गई। जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ धारा 318 (4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। रिपोर्ट पर थाना शिवरीनारायण में अपराध पंजीबबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्ग दर्शन में तथा एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा आरोपी भूपेंद्र कुमार साहू एवं हिरेंद्र कुमार साहू को विधिवत गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सउनि रामप्रसाद बघेल पुलिस सहायता केंद्र राहौद आरक्षक बेदराम पटेल, प्रवीण कुमार साहू थाना शिवरीनारायण का सराहनीय योगदान रहा। इधर पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों को सायबर क्राइम एवं ठगी के बारे में लगातार सतर्क किया जा रहा है। गांव गांव में जाकर जनजागरूकता व पाम्फलेट बांटकर इसकी जानकारी दी जा रही है। इसके बावजूद लोग लालच में आकर धोखाधड़ी के शिकार हो जा रहे है। कुछ इसी तरह का मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम बिलारी देखने को मिला।




पुलिस गिरफ्त में पिता पुत्र।

# तीन वारंटी पुलिस को चकमा देकर भागे, तीन आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



रात के समय में विशेष सर्च अभियान चलाकर तीन फरार वारंटियों को पकड़ा गया था। इस मामले में तीन वारंटी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे। इस मामले में तीन आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं आरक्षकों को रक्षित केन्द्र संबद्ध किया गया है। मामला अकलतरा थाना का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 15 नवंबर की रात्रि में अकलतरा पुलिस द्वारा विशेष सर्च अभियान एवं वारंटियों की धरपकड़ के दौरान बड़ी मुश्किल से फरार वारंटियों को पकड़ा गया था। थाना अकलतरा क्षेत्र में पकड़े गए फरार वारंटियों की न्यायालय पेश करने की सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में आरक्षक राजेंद्र कहरा, उमेश यादव एवं कमल बहादुर क्षत्रिय थाना अकलतरा की ड्यूटी लगाया गया था। उपरोक्त कर्मचारियों के द्वारा लापरवाही पूर्वक ड्यूटी करने से तीनों वारंटियों द्वारा पुलिस को चकमा देकर भाग जाने से तीनों आरक्षकों को वारंटी सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लापरवाही बरतने से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र संबध किया गया है।


## ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 25 व 26 को

**सक्ती।** युवाओं और विद्यालयीन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र की खेल संस्कृति को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का सफल आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन आगामी 25 नवम्बर से 26 नवम्बर तक किया जाएगा। यह आयोजन नंदेली खेल मैदान, सक्ती में उक्त तिथि को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिनके माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## ज्वेलरी दुकान से लाखों के जेवरात पार, हवा में हाथ पैर मार रही पुलिस

**खरौद।** खरौद स्थित ज्वेलरी दुकान से दिनदहाड़े 36 लाख रुपए के जेवरात पार करने का मामला सामने आ चुका है। वहीं घटना को हुए सप्ताह भर बीत चुके है। इसके बाद पुलिस आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 10 नवंबर की दोपहर 3 बजे सुकुल पारा खरौद, थाना शिवरीनारायण मे एस के ज्वेलरी शॉप मे लाल बैग वाले आदमी द्वारा सोने की चेन देखने के दोरान कुछ सोने की चैन वाला डिब्बा उठाकर भाग गया। खरौद नगर में स्थित एस के ज्वेलर्स की दुकान पर सोमवार को दिनदहाड़े दो शातिर युवकों ने ग्राहक बनकर प्रवेश किया और मौका पाते ही 36 लाख रुपये की सोने की चेन से भरा डिब्बा लेकर फरार हो गया था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की खोजबीन कर रही है, लेकिन एक सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ खाली है।






## खबर संक्षेप



### उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर श्री श्याम सलोना परिवार ने मनाया द्वितीय वार्षिक उत्सव

**बिश्रामपुर।** उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर शनिवार की शाम अग्रसेन भवन में श्री श्याम सलोना परिवार का द्वितीय वार्षिक उत्सव भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया,जहां एक ओर भजनों की मधुर धुनों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया,वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं की विशाल मौजूदगी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे नगर के बाहर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन कलाकार निहारिका पुरोहित, अनुभव अग्रवाल और अभिषेक अग्रवाल,जिन्होंने अपने सुरों और भक्ति भाव से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया,श्याम तेरे बिना कौन हमारा और मेरे श्याम की रसोई निराली जैसे कई लोकप्रिय भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे, वार्षिक उत्सव की शोभा बढ़ाने 56 भोग, श्याम रसोई और प्रसाद वितरण भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे,पूरे आयोजन में भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिली, जहां हर कोई बाबा श्याम की कृपा और भक्ति में खोया नजर आया, आयोजन को सफल बनाने में मनोज गोयल, राहुल सिंघल, विष्णु अग्रवाल, सनी अग्रवाल, विकास गोयल, सुमित मित्तल, आशुतोष जिंदल, राहुल मित्तल, नवीन गोयल, अमन गर्ग, गौरव अग्रवाल, यश अग्रवाल शुभम अग्रवाल, अमन अग्रवाल, सौरभ सिंह,नेहा तायल, सोनिया सिंघल व अन्य सक्रिय रहे।

### फुलवारी टीम ने जीता हीरो कप फुटबॉल प्रतियोगिता



**प्रतापपुर।** माझापारा में आयोजित हीरो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला फुलवारी और कुल्हाड़ी टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनो टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बेहतर तालमेल के साथ्न शानदार प्रदर्शन करते हुए फुलवारी टीम दो गोल से विजयी रही। मुख्य अतिथि पूर्व शक्कर कारखाना अध्यक्ष विद्या सागर सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यासागर ने कहा कि खेल से गांव-गांव तक नाम एवं पहचान बनती है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना खेलना चाहिए। खेल से शारीरिक व्यायाम एवं खेल के प्रति रुचि रखने पर गांव से लेकर जिला सहित राज्य स्तर का भी नाम मिलता है। खेल मनोरंजन का एवं व्यायाम का सबसे बड़ा साधन है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि सुरेश चक्रधारी, सरपंच अजय सिंह, बालकृष्ण, मंगल सिंह, रामचंद्र के अलावा आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय रजवाड़े, कृष्ण सिंह तथा समिति के सभी सदस्य सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### प्रवक्ता चयन के लिए कांग्रेस पार्टी ने शुरू किया टैलेंट हंट प्रतियोगी अभियान

**बिश्रामपुर।** कांग्रेस ने इस बार अपने प्रवक्ता चयन प्रक्रिया को एक प्रतियोगी अभियान का रूप देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपने पहले टैलेंट हंट की शुरुआत कर दी है,प्रतियोगी अभियान अंतर्गत कांग्रेस पार्टी ने मीडिया पैनलिस्ट और प्रवक्ताओं बनने के इच्छुक लोगों के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश प्रवक्ता अनुपम फिलिप को अभियान का सरगुजा संभाग रीजनल कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है,टीम में पब्लिसिटी वॉलंटियर विष्णु सिंहदेव,टेक्निकल सपोर्ट पूनम सिंह,गुरप्रीत सिंह सिद्धू, सचिन मिश्रा और विकास श्रीवास्तव शामिल हैं,रीजनल कॉर्डिनेटर अनुपम फिलिप ने बताया कि यह एक चयन प्रक्रिया मात्र नहीं बल्कि आकांक्षी कार्यकर्ताओं की राजनैतिक समझ,संवाद क्षमता और मीडिया प्रबंधन के मूल्यांकन का अवसर है, चयनित प्रतिभागी को व्यक्तिगत साक्षात्कार और लिखित परीक्षा की कसौटी पर खरा उतरने पर विभिन्न स्तर पर मीडिया पैनलिस्ट और प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी,इस अभियान की खासियत यह है कि इसमें युवा, छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता, पेशेवर लोग भी शामिल हो सकते हैं,संभाग के सभी जिलों में इसके लिए टीम गठित की गई है,जिसमे शास्त्रांशु पाठक को जशपुर,अधिवक्ता सुनील सिंह को बलरामपुर रामानुजगंज, आशीष वर्मा को सरगुजा, ज़फर हैदर को सूरजपुर, अशोक जायसवाल को कोरिया और राजकुमार केशरवानी को मनेंद्रगढ़ जिले का जिला कॉर्डिनेटर बनाया गया है,प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 20 नवंबर तक निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे है, जिसके बाद आगामी प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएगी।

### नयनपुर में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर चाकू से किया हमला, मामला दर्ज

**बिश्रामपुर।** पुरानी रंजिश पर नयनपुर गांव में एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है,जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नयनपुर में रविवार की सुबह पुरानी रंजिश पर जितेंद्र राजवाड़े पिता सुरेंद्र राजवाड़े ने गांव के ही प्रार्थी संजय राजवाड़े पिता सोमार साय के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से उस पर हमला कर दिया है,चाकू के हमले से संजय राजवाड़े के बाएं हाथ के अंगुली में चोट आई है,सूचना पर जयनगर पुलिस ने आरोपी जितेंद्र राजवाड़े के खिलाफ धारा 296, 126, 351, 118 (1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## 104 सोलर प्लांट में से 80 फीसदी ठप

# दूरस्थ गांवों में सोलर पावर प्लांट बंद, ढीबरी के सहारे कट रही ग्रामीणों की रातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए विद्युत विस्तार सपना बन गया है।

**खास बात**
- राजस्व ग्राम भी प्रभावित, आज तक नहीं पहुंची बिजली

शासन की विशेष पहल पर क्रेडा द्वारा वर्ष 2012-13 में गांवों में सोलर पावर प्लांट एवं होम लाइट लगाए गए थे लेकिन देखरेख के अभाव में लगभग 80 फीसदी सोलर प्लांट एवं होम लाइट लम्बे समय से बंद पड़े हैं। वन बाधा के कारण वन ग्रामों में तो विद्युत विस्तार संभव नहीं है लेकिन राजस्व ग्रामों की स्थिति में भी बदलाव नहीं हो सका है।

दूरस्थ चांदनी–बिहारपुर क्षेत्र की प्राकृतिक समृद्धि ग्रामीणों के विकास में बड़ी बाधा साबित हो रही है। वन बाधा होने के कारण न तो गांवों तक सड़के बन पा रही हैं न ही विद्युत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। आजादी के 78 साल गुजरने के बाद भी ग्रामीण ढीबरी के भरोसे जीवन यापन करने मजबूर हैं। विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर शासन द्वारा इन गांवों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का निर्णय लिया गया था। क्रेडा द्वारा इन ग्रामों में वर्ष 2012-13 में सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के साथ ही ग्रामीणों को अपने घरों को रोशन करने सोलर होम लाइट उपलब्ध कराया गया था। सोलर लाइट लगने से ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिली साथ ही उनके जीवन में सुधार आया। पांच साल का समय गुजरने के बाद सोलर पावर प्लांट एवं होम लाइट में खराबी आने लगी। लगातार शिकायतें मिलने के बाद विभाग ने कुछ स्थानों पर सुधार कार्य भी कराया लेकिन लम्बे समय तक ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल सका। हालत यह है क्रेडा द्वारा स्थापित 104 सोलर पावर प्लांट में से अधिकांश लम्बे समय से बंद पड़े है। कुछ चालू हैं भी तो बमुश्किल एक-दो घंटे ही रोशनी देते हैं। विभाग के अधिकारी 25 प्लांट को पूरी तरह बंद होने एवं 20 के एक-दो घंटे तक कार्य करने की बात स्वीकार कर रहे हैं लेकिन लम्बे समय से बंद प्लांटों के सुधार के लिए विभाग द्वारा अब तक कोई पहल नहीं की गई है। अधिकारी लम्बे समय से खराब पड़े प्लांटों की मरम्मत का प्रस्ताव शासन को भेजने एवं विभाग के पास बजट उपलब्ध नहीं होने की बात कह रहे हैं। इधर लाइट के अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है साथ ही ग्रामीणों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए कोई कारगर पहल नहीं कर रहे हैं।



घर में लगा विद्युत मीटर।

**भेजा गया है प्रस्ताव**

सर्वे एवं डीएफओ की अनापत्ति मिलने के बाद कुछ राजस्व ग्रामों में विद्युत विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही आगे की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

-बसंत खेस
ईई, विद्युत विभाग

**नहीं है बजट**

बंद पड़े सोलर पावर प्लांट के सुधार का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। विभाग के पास बजट उपलब्ध नहीं होने के कारण सुधार में विलंब हो रहा है।

-**रणजीत यादव**, अभियंता, क्रेडा

### राजस्व ग्रामों में भी नहीं सुविधा

क्षेत्र का बड़ा इलाका गुरू घासीदास तमोर पिंगला अभ्यारण्य से सटा है। साथ ही अनेक गांवों के इर्दगिर्द वनक्षेत्र है। संरक्षित वन क्षेत्र में बसे गांवों में वन बाधा के कारण विद्युत विस्तार संभव नहीं है। इन वन ग्रामों को रोशन करने के लिए सोलर पावर प्लांट के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प नहीं है। वन बाधा के कारण लगातार प्रयासों के बावजूद राजस्व ग्रामों में भी अब तक विद्युत विस्तार नहीं हो सका है। विद्युत अधिकारी गांव-गांव में विद्युत विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि विद्युत वितरण कंपनी के राजस्व में वृद्धि हो सके लेकिन वन बाधा निराकरण की लम्बी प्रक्रिया के कारण इस कार्य में सफलता नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस समस्या के निराकरण के लिए कारगर पहल नहीं कर रहे हैं।

**तीन साल पूर्व हुआ था सर्वे**

शासन की पहल पर तीन साल पूर्व विद्युत अधिकारियों ने क्षेत्र में राजस्व ग्रामों में विद्युत विस्तार का सर्वे कराया था। बीच में छोटा जंगल पड़ने के कारण विभाग ने वन अधिकारियों से अनापत्ति मांगी थी। वन विभाग ने कुछ स्थानों के लिए अनापत्ति भी जारी की है। लेकिन वन क्षेत्र की स्वीकृति की प्रक्रिया लम्बी होने के कारण इन गांवों में अभी विद्युत विस्तार का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। विद्युत विभाग द्वारा सौभाग्य योजनान्तर्गत ओड़गी-खोड़ मार्ग के राजस्व गांवों में पूर्व में विद्युत विस्तार किया था। गांव में बिजली पहुंचने की खुशी में ग्राम खोड़ व इंजानी के ग्रामीणों ने अपने घरों में बिजली की वायरिंग करा ली। विभाग ने मीटर भी लगा दिया है लेकिन अभी तक विद्युत आपूर्ति चालू नहीं हो सकी है नाराज ग्रामीण गांव में विद्युत विस्तार के लिए रखे गए पोल व तार को उठाने नहीं दे रहे हैं। राजस्व गांवों में विद्युत विस्तार के लिए भूमिगत केबल कारगर हो सकता है लेकिन इसके लिए भी अनुमति आवश्यक है।



## मंत्री अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

लुण्ड्रा विधानसभा के कुन्नी क्षेत्र के लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 47 करोड रुपए के विभिन्न सड़क पुल पुलिया निर्माण कार्यों की सौगात मिली है। कुन्नी स्कूल मैदान में 47 करोड रुपए के सड़क, पुल पुलिया निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्नी का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज की उपस्थिति में मंत्री राजेश अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर लोकार्पण किया। सभी अतिथि कुन्नी स्कूल मैदान में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां पुजारी की उपस्थित में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज और जनप्रतिनिधि ने वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ 47 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया है। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल और लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशिकला विक्रम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि महंत, राकेश साहू, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, भैया लाल साहू, जिला पंचायत भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता रमन सिंह, मन्नू साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पीएस मार्को, एसडीएम वन सिंह नेताम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. स्वेच्छा सिंह, नायब तहसीलदार उमेश तिवारी, बीएमओ डॉ. ओपी प्रसाद, नेत्र सहायक अनिल मिश्रा विनोद भार्गव,अनिल गुप्ता जुगल राम, राजेंद्र टोप्पो, भोजराम राजवाड़े, गुड्डा राम, देवनारायण यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## फोरम फार फास्ट जस्टिस के तहत दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस एवं फोरम फोर फास्ट जस्टिस द्वारा दो दिवसीय नेशनल कनक्लेव का शुभारंभ 15 नवंबर को किया गया। कनक्लेव के तहत शहर के मल्टी पर्पज स्कूल मैदान से रैली निकाली गई।

- पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने किया उदघाटन

इस दौरान रैली में न्याय व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग और त्वरित न्याय तथा अपनी 11सूत्रीय मांग जिसमें ग्राम न्यायालय की स्थापना, राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पहाड़ी कोरवा के जाति में सुधार तथा उन्हें संरक्षण देने तथा अन्य मांगों के संकल्प को लेकर निकाली गई। रैली का शुभारंभ फोरम फॉर फास्ट जस्टिस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवान जी रैयानी द्वारा किया गया। रैली महामाया चौक होते हुए पीजी कॉलेज ऑटो डोरियम में सम्पन्न हुई जहां राष्ट्रीय अधिवेशन की शुरुआत की गई।



इस अधिवेशन का उद्घाटन पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने किया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन देश की मौजूदा न्यायिक प्रणाली में कमियों, जनता की समस्याओं और समाधान के ठोस सुझावों पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम में देश महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में डेलिगेशन शामिल हुए। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. डीके सोनी ने बताया कि अधिवेशन में भगवान जी रैयानी, राज काचारू, मुख्तार अंसारी, नजीर खान, जया विंध्याला, बालू अक्कीसा, विनय कांबले, जेडी सिंह, प्रवीण पटेल, विपुल श्रीवास्तव, और अन्य राष्ट्रीय स्तर के विचारक एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने न्याय व्यवस्था की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था का मौजूदा बजट अत्यंत सीमित है, जिसके कारण न्याय प्रक्रिया प्रभावित होती है। वर्तमान में पूरे देश में लगभग 5 करोड़ से ज्यादा मामले न्यायालयों में लंबित हैं, और जो संसाधन अभी वर्तमान न्यायपालिका के पास उपलब्ध हैं उससे लंबित प्रकरणों के निपटारे में 324 साल लग जाएंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि न्याय के लिए अलग से और पर्याप्त बजट प्रावधान किया जाए, जिससे अदालतों के लिए ज्यादा न्यायाधीशों और न्यायिक कर्मचारियों, की नियुक्ति हो सके जिससे लंबित मामलों का तेजी से निपटारा संभव हो सके। अधिवेशन में वक्ताओं ने कहा कि न्याय केवल देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मिलने का अधिकार है, और इसके लिए एक तेज, पारदर्शी तथा संवेदनशील प्रणाली का निर्माण समय की मांग है। उक्त कार्यक्रम सामाजिक कार्यकर्ता नवनीकांत दत्ता, सत्यम द्विवेदी, डॉ. प्रशांत सम्मानित किया गया। मंच संचालन राहुल पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के सचिव इंजोर दास महंत, कोषाध्यक्ष एकांत सिंह, हैप्पी सोनी, प्रीति विश्वास, आस्था पांडेय, अजय गौतम, आलोक शुक्ला, राजन यादव, नीरज यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## तलवापारा में देर रात तेज ध्वनि में बजाया डीजे संचालक पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

देर रात तक तेज ध्वनि में डीजे और साउण्ड बाक्स सिस्टम बजाने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है, बिना अनुमति के तेज आवाज में साउण्ड बाक्स सिस्टम बजाने की सूचना पर पुलिस ने साउण्ड बाक्स और एम्पलीफायर को जब्त कर साउण्ड सिस्टम संचालक एवं तेज ध्वनि से साउण्ड बाक्स बजाने वाले के विरूद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना प्रभारियों को डीजे संचालकों एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक लेकर डीजे व साउण्ड सिस्टम का उपयोग के लिए अनुमति लेने एवं निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे,इसी तारतम्य में गत दिनों बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर द्वारा क्षेत्र के डीजे संचालकों व गणमान्य नागरिकों की बैठक लेकर उच्च न्यायालय द्वारा जनहित में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए सख्त हिदायत दी थी कि विधिवत अनुमति लेकर और तय वक्त में ही डीजे और साउण्ड बाक्स का उपयोग किया जाए।



शनिवार की रात बिश्रामपुर पुलिस रात्रि गश्त पर थी,इसी बीच सूचना मिली कि नपं शिवनंदनपुर के तलवापारा में तेज ध्वनि से साउण्ड बाक्स बजाया जा रहा है,जिससे आमजन को काफी परेशानी हो रही है,सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना अनुमति के तेज आवाज से साउण्ड बाक्स बजाते पाए जाने पर 2 नग साउण्ड बाक्स व 1 नग एम्पलीफायर जब्त कर गुड्डु खुलेखीन देवांगन 46 वर्ष निवासी तलवापारा तथा साउण्ड सिस्टम संचालक विशाल गुप्ता 22 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर के विरूद्ध धारा 4, 5, 15 (1) कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### लटोरी में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम लटोरी निवासी एक युवती ने घर में ही अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम लटोरी निवासी 22 वर्षीय अन्नू कुशवाहा पिता रामप्रवेश कुशवाहा ने शुक्रवार को अज्ञात कारणों से अपने घर में ही पंखे से दुपट्टा का फंदा बना आत्महत्या कर ली है,सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## स्वास्थ्य मंत्री का जनपद उपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**राजपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शनिवार को अपने एक दिवसीय अल्प प्रवास पर बलरामपुर जिले पहुंचे। वे यहां आयोजित जनजाति गौरव दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। कार्यक्रम से लौटते समय जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने अपने निवास पर समर्थकों के साथ मंत्री का पारंपरिक लोकगीत, पुष्पवर्षा, फूल-माला एवं आतिशबाजी के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने शारीरिक रूप से अस्वस्थ चल रहे राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक अग्रवाल से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा और उन्हें माला पहनाकर हौसला बढ़ाया। स्वागत कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, नपं अध्यक्ष धरम सिंह जिपं सदस्य रवि प्रताप मराबी, मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, कैलाश अग्रवाल, संतोष तिवारी, राकेश अग्रवाल, लमरु राम, आनंद गुप्ता, शुभम सोनी, बबलू, आशीष सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## बिरनीपारा में बिरसा मुंडा जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम

**राजपुर।** जनपद पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत बुढ़ाबगीचा के बिरनीपारा में भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर खंड स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत ने की। कार्यक्रम में बच्चों ने जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवन यात्रा, उनके जल-जंगल-जमीन की रक्षा हेतु किए गए संघर्ष तथा उनके योगदान को भावपूर्ण स्मरण करते हुए समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप मुख्यमंत्री की पाती का वाचन भी किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना।

# एक्स रे यूनिट नए आधुनिक भवन की गई शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में लंबे समय से मरीजों को हो रही असुविधा के कारण एक्स-रे यूनिट को अब नए और आधुनिक भवन बीपीएच यूनिट में शिफ्ट कर दिया गया है।

- सकरे गलीनुमा रास्ते से पहुँचने में मरीजों को होती थी परेशानी, बहुप्रतिक्षित मांग हुई पूरी
- वर्ष भर पूर्व सुशासन तिहार शिविर में मुख्यमंत्री के समक्ष सतपता के ग्रामीणों ने भी उठाया था मामला

गौरतलब है कि पहले एक्स रे यूनिट पुराने जर्जर भवन में संचालित हो रहा था जहां जाने का रास्ता काफी सकरा था,मरीजों और उनके परिजनों के लिए वहां तक पहुंचना बेहद मुश्किल होता था, यहां पतली गलीनुमा रास्ता और असुविधाजनक,बरसात में जलभराव,जिससे फिसलन और दुर्घटना की आशंका, मशीनरी को नुकसान का खतरा,व्हीलचेयर और स्ट्रेचर मरीजों को लाने ले जाने में परेशानी होती थी,कई मरीजों को कीचड़ भरे रास्तों से गुजरना पड़ता था,और कई बार जांच की तारीख को आगे करना पड़ जाता था, करीब वर्ष भर पूर्व जयनगर में लगे सुशासन तिहार शिविर में ग्राम सतपता निवासी ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के समक्ष सीएचसी बिश्रामपुर में जर्जर व सकरे भवन में संचालित हो रहे एक्स रे मशीन यूनिट का मामला उठाया थाएवं शीघ्र निराकरण की मांग की थी,तत्पश्चात कलेक्टर के निर्देश पर सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने स्थल निरीक्षण किया एवं शिकायत सही पाए जाने पर तत्काल एक्स रे यूनिट को नए भवन में स्थानांतरित करने का निर्देश बीएमओ को दिया था,लेकिन एसडीएम के निर्देश के बावजूद सुविधा व जगह के अभाव का हवाला देते हुए मामले को लंबित रख दिया गया।




मरीजों को निरंतर हो रही समस्या के कारण प्रशासन के सख्त निर्देश मिलने के बाद सक्रिय हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने तकनीकी टीम,रेडियोलॉजी विभाग और अस्पताल स्टाफ ने बिना सेवाएं बाधित किए पूरी व्यवस्था को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया है,अब एक्स रे यूनिट बीपीएच भवन के अंदर मुख्य गेट के पास ही संचालित हो रही है,यहाँ हाई फंक्शनल यूनिट में मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

VASUNDHARA
Brilliant Public School
Igniting Wisdom
ESTD. 2001
Near Vasundhara Green Valley, Lalmati, Raigarh Road, Ambikapur, (CG.) - 497001
APPOINTMENT 2026-27

| Open Positions | No. of Post | Essential Qualification | Experience Required |
|---|---|---|---|
| Vice Principal (Female Only) | 1 | Post Graduation + M.ED/B.ED | Minimum 3 years experience as Vice Principal or 5 years as Co-ordinator cum PGT (Ph.D will be Preferred) |
| Art & Craft Teacher | 2 | Graduation + Professional Course | 2 years |
| TGT Sanskrit | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| TGT/PRT Hindi | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| Librarian | 2 | Graduation + B.Lib/M.Lib/Diploma | 2 years |
| HR (Female Only) | 2 | BBA/MBA | 2 years |
| PRT English | 2 | Graduation + M.ED/B.ED | 2 years |
| Mother Teacher (PPRT) | 5 | Graduation + NTT | 2 years |
| Associate Teacher | 5 | Graduation + Professional Course | 2 years |
| Front Desk Executive (Public Relation) | 2 | BBA/MBA | 2 years |

- **PGT for all Subjects** required, Minimum 3 Years Experience, Qualification prescribed by CBSE .
- **TGT Science, SST, Computer** required, Minimum 2 Years Experience, Qualification prescribed by CBSE .

Kindly Note: • Fluency in English is a must. • Salary no bar for deserving candidates. • Apply at: careers@brilliantabkp.com with a cc to bpsv@brilliantabkp.com before 15th December 2025 or you can submit directly to our school office between 09:00 am to 03:00 pm.

WhatsApp/Contact: 9244320300 brilliantabkp.com

## खबर संक्षेप

### सर्व कुर्मी समाज के महासम्मेलन में शामिल होने सक्ती आयेंगे मुख्यमंत्री




**सक्ती।** दुर्ग सांसद एवं छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिष्टाचार मुलाकात की। सक्ती-सांसद विजय बघेल एवं कुर्मीसंझा एवं सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज प्रांतीय महासम्मेलन शक्ति के संयोजक कृष्ण कांत चंद्रा ने मुख्यमंत्री को सर्व कुर्मी समाज के आगामी प्रांतीय महासम्मेलन का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। गौरतलब है कि सर्व कुर्मी समाज का दो दिवसीय प्रांतीय महासम्मेलन 13 एवं 14 दिसंबर को सक्ती में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति प्रदान कीहै । मुलाकात के दौरान समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, क्षेत्रीय विकास, सामाजिक एकता तथा स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री के साथ सकारात्मक चर्चा हुई। आयोजकों के अनुसार यह महासम्मेलन कुर्मी क्षत्रिय समाज का ऐतिहासिक आयोजन होगा, जिसमें समाज की 29 उपजातियों के पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं सामाजिक प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक 17 नवंबर को सक्ती के चंद्रा भवन में होगी।

### संगीतमय भजनों के बीच रुक्मणी-कृष्णा विवाह की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा में कर्ष परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के षष्ठ दिवस कथा वाचक आचार्य पं. राजेन्द्र कुमार शर्मा टेमर सक्ती वाले ने भगवान श्रीकृष्ण एवं देवी रुक्मणी के पावन रुक्मणी विवाह प्रसंग का सुन्दर, भावपूर्ण और विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार रुक्मणी जी ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानकर विवाह का संकल्प लिया। रुक्मणी जी द्वारा लिखे गए प्रेमपूर्ण पत्र, श्रीकृष्ण द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु रुक्मणी–कृष्ण विवाह की मधुर भावों में भाव-विभोर हो गए। कथा श्रवण करने मुख्य यजमान छतबाई–अनंदराम कर्ष, रजनी–राजकमल कर्ष, देवचंद यादव,कीर्तन वैष्णव, संजय अग्रवाल, हीरा कर्ष, शत्रुहन बरेठ, ज्ञानचंद देवांगन, कमलकिशोर बरेठ, गौतम कश्यप, कुलदीप कश्यप, उमाशंकर, राजेश, अजय कश्यप, लालू, पंचराम कश्यप, कुलकीत साहू, विक्रम सिंह, देवेंद्र नामदेव, सुमीत कर्ष, सौरभ यादव, शुभम कर्ष, मनोज, कुणाल, विजेंद्र, राजू कर्ष, क्रांति कश्यप, चमरू कर्ष, जीवन लाल तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बाल संस्कार स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस



**हसौद।** बाल दिवस के अवसर पर मोहर साय कश्यप बाल संस्कार स्कुल पेन्ड्री में पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दौरान स्कूल में विविध प्रतियोगिता का आयोजन किय गया। बच्चो द्वारा स्कुल में चाचा नेहरू पर निबध एवं उनके बारे मे बताया एवं वाद विवाद प्रतियोगता का आयोजन एवं गायन एवं नाटक का मचन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने स्कुल परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्कुल स्टाफ का सहयोग रहा । कार्यक्रम को लेकर बच्चो में काफी उत्साह देखा गया।

## निधन

### रामविलास वैष्णव



**नवागढ़।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक रामविलास वैष्णव का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र परमेश्वर वैष्णव दी। उनके अंतिम यात्रा में परिजन सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सीमा सिंह चौहान



**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. जगदीश सिंह चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा सिंह चौहान का 65 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं तीन पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे शिवेंद्र सिंह चौहान की मां थी।

### जिला पंचायत शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष ने किया शालाओं का निरीक्षण

# सरकारी स्कूलों में पढ़ाई ठप, कक्षा आठवीं का छात्र नहीं पढ़ पाया हिंदी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

स्कूलों में शिक्षा का स्तर आंकलन करने एवं बच्चों से पढ़ाई लिखाई के संबंध में जानकारी लेने जिला पंचायत शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष गगन जयुपरिया ने पेण्ड्री व अफरीद स्कूल का निरीक्षण किया। यहां पढ़ाई पुरी तरह से ठप मिली। इस दौरान बच्चे स्कूल परिसर में बाहर खेलते व धुप सेकते हुए मिले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा में से एक छात्र को रैंडम रूप से खड़ा कर हिन्दी पढ़ने के लिए कहा, लेकिन वह पढ़ पाने में असमर्थ रहा। उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा है कि निरीक्षण रिपोर्ट प्रतिदिन जिला प्रशासन को भेजी जा रही है। स्थिति में सुधार नहीं होने पर प्रशासनिक स्तर पर कड़े कदम उठाए जाएंगे।

शैक्षिक गुणवत्ता निरीक्षण अभियान के दौरान जिले में सरकारी स्कूलों की स्थिति को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। सोमवार 17 नवंबर को ग्राम अफरीद और पेण्ड्री ( जांजगीर ) के स्कूलों में पहुंचकर जिला पंचायत शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष और जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने शाला का निरिक्षण निरीक्षण किया, जहां अत्यंत चिंताजनक स्थितियां सामने आईं। शिक्षा विभाग सहित तमाम आला अधिकारी पेण्ड्री स्कुल के रास्ते से प्रतिदिन होकर गुजरते है। यदि इस स्कुल का यह हाल है तो जिले के बाकी स्कूलों के हाल का भी अंदाज़ आप लगा सकते है। सबसे चिंताजनक स्थिति पेण्ड्री के कक्षा आठवीं में सामने आई। निरीक्षण के दौरान एक छात्र साधारण हिंदी पाठ भी नहीं पढ़ सका। गगन जयपुरिया ने कक्षा में से किसी भी एक छात्र को रैंडम रूप से खड़ा कर पढ़ने के लिए कहा, लेकिन छात्र मूलभूत स्तर की हिंदी भी पढ़ पाने में असमर्थ रहा। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी रिकॉर्ड किया गया है। शिक्षा समिति के अध्यक्ष गगन जयपुरिया ने स्पष्ट रुप से कहा है कि जो शिक्षक सुधार नहीं करेंगे, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट प्रतिदिन जिला प्रशासन को भेजी जा रही है, और स्थिति में सुधार न होने पर प्रशासनिक स्तर पर कड़े कदम उठाए जाएंगे।




निरीक्षण के दौरान बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी प्राप्त करते शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष गगन जयपुरिया।

**कक्षाएं खाली, बाहर खेलते मिले बच्चे**-निरीक्षण के दौरान दोनों गांवों के स्कूलों में कक्षाएं खाली मिलीं। पेण्ड्री में बच्चे स्कूल परिसर में बाहर खेलते और अफरीद में शिक्षक और बच्चे दोनों धुप सेकते हुए पाए गए। यहां पढ़ाई पुरी तरह ठप मिली। पेण्ड्री के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पूरे दिन के दौरान केवल एक विज्ञान विषय का पीरियड संचालित किया गया। शेष किसी भी विषय की कक्षाएं नहीं ली गईं। पूर्व माध्यमिक शाला पेण्ड्री के छठवीं कक्षा के बच्चों ने बताया कि संस्कृत पढ़ाई गई है, जबकि संस्कृत शिक्षक ने पूरे दिन कोई कक्षा नहीं ली। इससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि बच्चों को दबाव में गलत जानकारी देने के लिए कहा जा रहा है।

**बीएलओ ड्यूटी से स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित**-निरीक्षण में पता चला कि एक स्कूल से 4 में से 3 शिक्षक बीएलओ ड्यूटी में भेजे गए हैं, जबकि दूसरे विद्यालय से एक भी शिक्षक नियुक्त नहीं किया गया। इस तरह के अव्यवस्थित व्यवस्था के चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।



## पंचायत भवन से सचिव नदारद, लटका रहता है ताला, काम के लिए भटक रहे ग्रामीण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा**

ग्राम करही के पंचायत भवन में सचिव का दर्शन दुलर्भ हो गया है, जिसके कारण पंचायत भवन में हमेशा ताला लटका हुआ मिलता है। पंचायत सचिव के नियमित रूप से पंचायत भवन करही में नहीं बैठने के कारण ग्राम वासियों को बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत करही का मामला

गौरतलब है कि नवीन जिला सक्ती के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत करही (किकिरदा) में पदस्थ पंचायत सचिव पंचायत भवन से हमेशा नदारत रहते है। इसके चलते पंचायत भवन में ताला लटकता हुआ मिलता है। शासन प्रशासन की उदासीनता एवं लापरवाही के कारण आम नागरिकों को बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत सचिव हमेशा जनपद पंचायत मुख्यालय जैजैपुर जाने की बात कहकर बहाना बनाते हैं। अगर पंचायत सचिव का माह में एक बार दर्शन हो गया तो सबसे बड़ी बात है। एक परित्यागिता महिला अपने राशन कार्ड बनवाने के फॉर्म में पंचायत सचिव से हस्ताक्षर करवाने और कई बुजुर्ग वृद्धा पेंशन बनवाने के लिए पंचायत भवन का दर्जनों चक्कर काट चुके हैं। इसके बावजूद भी पंचायत सचिव का पंचायत भवन में नहीं मिलना विभाग के उच्च अधिकारियों की कमजोरी को दर्शाता है। ग्राम वासियों ने बताया कि जन्म और मृत्यु की पंजीयन करवाने के साथ प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बार-बार पंचायत भवन का चक्कर काटने के बाद भी पंचायत सचिव से मुलाकात नहीं हो पा रही है, जिसके कारण ग्रामीणों को मानसिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम वासियों ने उक्त पंचायत सचिव को यहां से हटाने की मांग कलेक्टर से की हैं।

**नियमानुसार होगी कार्रवाई**

शिकायत के आधार पर शासन के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-टीपी यादव,
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत जैजैपुर

## कादांनारा में धान खरीदी केंद्र का एसडीएम ने किया शुभारंभ

**सक्ती।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश भर में 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी महाअभियान की शुरूआत हो गई है। जिसके तहत नवगठित सक्ती जिले में सक्ती विकासखण्ड के ग्राम सक्ती कादांनारा में सोमवार 17 नबंबर को धान खरीदी कार्य का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव,सरपंच कृष्णा पटेल उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी पर फूल माला से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया उपस्थित किसानों का मुख्य अतिथि के द्वारा फूल माला एवं तिलक लगाकर स्वागतम किया एवं किसान की धान को तौलकर धानखरीदी क्रेन्द.का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसका ध्यान रखा जाए समय पर किसानो की धान की तौल किया जाये इसका ध्यान रखा जाए कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच कृष्णा पटेल ,भरत पटेल, रामकुमार सिदार, नरेश सिदार, राम लाल पटेल, ननकी दऊ चौहान, कार्तिक पटेल, सखा राम, सीता राम पटेल, रामेश्वर पटेल, मोनू पटेल, घनश्याम, चूड़ा मड़ी, राजकुमार, रामकुमार मरावी, धानखरीदी प्रबंधक विनोद बरेठ आदि उपस्थित रहे।



## जरुरतमंदों को नया जीवन देने 51 यूनिट किया रक्तदान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़**

ग्राम पंचायत कोसला में 17 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

■ कोसला में रक्तदान शिविर का आयोजन,लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

कार्यक्रम की शुरुआत कौशल्या माता के चलचित्र की पूजा अर्चना कर की गई। संकट मोचन ब्लड बैंक शिवरीनारायण के तत्वावधान में ग्राम पंचायत कोसला द्वारा पंचायत भवन में इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने कुल 51 यूनिट रक्त का दान किया। सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा यातायात सुरक्षा हेतु हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया, तथा ग्राम पंचायत कोसला द्वारा माता कौशल्या का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल पामगढ़ अध्यक्ष यशवंत साहू, महामंत्री सुधीर तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्यास वर्मा, ग्राम पंचायत कोसला सरपंच राजकुमार नारंगे, उपसरपंच योगेश कुमार साहू, आशीष तिवारी, फिरत राम कुर्मी, अवधेश कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, विपीन साहू, अमित तिवारी, रमेश कुमार कश्यप, मयंक कश्यप, नंदकुमार कश्यप, कौशल कश्यप, अशोक कश्यप, गौरव तिवारी एवं सहयोगी गण मौजूद रहे।




प्रशस्ति पत्र एव हेलमेट के साथ उपस्थित रक्तदाता।

## आदिवासी गौरव दिवस पर स्वयं सेवकों व बच्चों ने निकाली रैली

**पामगढ़।** एनएसएस इकाई विद्यानिकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस 2025 के अवसर पर विद्यालय से तहसील चौक तक भव्य रैली का आयोजन किया गया था। इस रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। इसका प्रमुख उद्देश्य आदिवासी परंपरा सभ्यता संस्कृति हेतु लोगों में जन जागरूकता फैलाना था। साथ ही उनके वीर महापुरुषों की गौरव गाथा को भी जन जन तक पहुंचना था। रैली का संचालन नरेंद्र कुमार पाण्डेय विद्यालय (संचालक) अखिल शुक्ला (विभाग प्रमुख) प्राचार्य अशोक कुमार मिरे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार खूंटे, अर्जुन लाल यादव (उप प्राचार्य) सुरेश साहू, आकाश चौहान, प्राची अवस्थी, रुक्मणी, पूजा साहू, हेमलता, सरूण , स्वती भारद्वाज एवं विद्यालय परिवार की देखरेख में किया गया।



## नवाचारी गतिविधियों को लेकर बरगवां को श्रेष्ठ संकुल का पुरस्कार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा**

अकलतरा आज समग्र शिक्षा कार्यालय जांजगीर में विनोबा एप में संकुल केंद्र बरगवां के अंतर्गत शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी एवं नवाचारी गतिविधियों को देखते हुए डीएमसी हरिराम जयसवाल, एपीसी हेमलता शर्मा,दिनेश सोनवान, जिला प्रोग्रामर रज्जन मिश्रा एवं जिला विनोबा टीम के भूपेंद्र चंद्रा की उपस्थिति में श्रेष्ठ संकुल केंद्र रूप में बरगवां के शैक्षिक समन्वयक अंबरीश सिंह बैस को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अम्बरीश सिंह बैस ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था में नवाचार लाने और शिक्षकों को सुविधा देने के लिए बनाया गया एक ऐप है। इस ऐप के ज़रिए, शिक्षक अपने स्कूल की गतिविधियों को साझा कर सकते हैं और अन्य स्कूलों की नवाचारी गतिविधियों से सीख सकते हैं। इसके अलावा, इस ऐप के ज़रिए, शिक्षकों को अकादमिक प्रबंधन में मदद मिलती है। विनोबा ऐप के विषय में संकुल केंद्र बरगवां के शिक्षकों को जागरुक एवं प्रशिक्षित करने पर शासकीय प्राथमिक शाला कोटगढ़ एवं शासकीय प्राथमिक शाला कटघरी के शिक्षकों के द्वारा नियमित तौर पर विद्यार्थियों का स्तर उठाने के लिए विभिन्न नवाचारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इससे अन्य शाला के शिक्षक भी प्रेरित होकर नवाचारी गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं। शैक्षिक समन्वयक अम्बरीश सिंह बैस को पुरस्कृत किए जाने पर बीईओ देवकांत द्विवेदी एबीईओ रत्नमाला सिंह, स्वाति राठौर एवं बीआरसी शैलेंद्र सिंह के द्वारा बधाई प्रेषित करते हुए विकासखंड के समस्त शैक्षिक समन्वयकों को विनोबा ऐप में सक्रिय होने का आग्रह किया गया है।



शैक्षिक समन्वयक अंबरीश सिंह बैस को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

## वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक आयोजित

**अकलतरा।** वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक का आयोजन कुंवर भुवन भास्कर सिंह बालक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थित कार्यालय भवन में संगीतमय वातावरण में किया गया।

मां सरस्वती की पूजा अर्चना से बैठक का शुभारंभ किया गया। मंच के कोषाध्यक्ष जय कुमार अग्रवाल के 75 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान व संतराम साहु ने हारमोनियम के साथ भक्ति गीतों के माध्यम से उपस्थित सदस्यों का भरपूर मनोरंजन किया। दशरथ नामदेव व महेश बनाफर ने फिल्मी पुराने गीत सुनाकर वातावरण को रसमय बनाने में अपना योगदान दिया। जयकुमार अग्रवाल ने दांडिया नृत्य कर अपनी भागीदारी निभाई। योगाचार्य रामेंद्र चौहान ने रामायण की चौपाइयां के साथ आध्यात्म एवं यौगिक जीवन अपनाने से तनाव मुक्त रहकर निरोगी जीवन जीने के रहस्य को प्रतिपादित किया। डा जीपी दीक्षित ने शीत के प्रकोप से बचने के उपाय व चिकित्सकीय सलाह दी। कार्यक्रम में रामभरोस कैवर्त, संतराम साहु, दरस यादव, घनश्याम राजवाडे, रामाधीन यादव, भरत सिंह चंदेल, धारी सिंह, ठाकुर राम देवांगन, धनाराम साहु, गजेन्द्र नाथ सोनी एवं सदस बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




### प्रथम दिवस कथा श्रवण करने पहुंचे पूर्व जस्टिज पूर्व आईजी एवं अन्य विशिष्टजन

## शिवरीनारायण पुण्य तीर्थ क्षेत्र, यहां के कण-कण में परमात्मा का हो रहा अनुभव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण**

श्री शिवरीनारायण धाम की यह पावन धरा पुण्य तीर्थ क्षेत्र है। यहां के कण-कण में परमात्मा का अनुभव हो रहा है, जब हमें यह पता चलता है कि श्री शिवरीनारायण मठ या श्री दूधाधारी मठ में कथा कहनी है तो हमारा मन गदगद हो जाता है।

यह बातें श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर श्री धाम अयोध्या उत्तर प्रदेश से पधारे हुए अनंत श्री विभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य महाराज ने व्यासपीठ की आसंदी से अभिव्यक्त किया। इसके पूर्व जगत नियंता भगवान शिवरीनारायण जी की विधिवत पूजार्चना की गई। उन्होंने कहा कि हम बड़े ही भाग्यवान हैं भगवान शिवरीनारायण के पावन सानिध्य और माता शबरी के प्राकट्य स्थल तथा भगवान रघुनाथ जी द्वारा नवधा भक्ति की व्याख्यान स्थली में श्रीमद् भागवत कथा कहने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। महात्माओं के दर्शन, त्रिवेणी संगम, प्राचीन मठ इन सबको देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हम अयोध्या धाम में ही बैठकर कथा सुना रहे हैं। उन्होंने कहा कि परम पूज्य महाराज महामंडलेश्वर हैं, जगतगुरु हैं, उनके सानिध्य में कथा कहने और सुनाने का सौभाग्य हमें मिला है। मंच पर मुख्य यजमान के रूप में हमेशा की तरह महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज विराजित थे। प्रथम दिवस कथा का रसपान करने के लिए छत्तीसगढ़ उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टीपी शर्मा अपने सहयोगियों सहित उपस्थित हुए। उन्होंने भी स्रोताओं को संबोधित किया और कहा कि -श्रीमद् भागवत महापुराण में परीक्षित जी को एक संत ने रास्ता बताया कि आज से सातवें दिवस आपकी मृत्यु होगी। हम सभी की मृत्यु भी सात दिनों के अंदर ही होती है। राजेश्री महंत का हमें जब भी निर्देश प्राप्त होता है हम उपस्थित हो जाते हैं। उन्होंने हमें कथा शुभारंभ के प्रथम दिवस उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया था, आज हम सभी उपस्थित हुए हैं। कथा श्रवण करने पूर्व मुख्य न्यायाधीश के साथ कार्यक्रम में पूर्व आईजी पी एन तिवारी, पूर्व कलेक्टर बृजेश मिश्रा, अनिल शर्मा, अशोक तिवारी, राकेश तिवारी सहित विशिष्ट नागरिकरण उपस्थित हुए।



भगवान शिवरीनारायण का पूजा अर्चना करते महामंडलेश्वर व अन्य, इंसेट में मधुसूदनाचार्य ।

